प्रेस नोट संख्या- 52
दिनांक 14.03.2024
सराहनीय कार्य थाना कमरौली पुलिस जनपद अमेठी
चोरी की 05 अदद मोटरसाइकिल के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में दिनांक 14.04.2024 को तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान उ0नि0 अभिनेष कुमार थानाध्यक्ष कमरौली मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक मोटरसाइकिल संख्या UP 6 B 5709 पर सवार अभियुक्त राहुल पाण्डेय पुत्र जगत नरायण निवासी पूरे बेचू मजरा महोना पश्चिम थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 27 वर्ष को बरसण्डा तिराहा मोड के पास से समय करीब 08:15 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। मोटरसाइकिल संख्या UP 6 B 5709 के कागज मांगने पर दिखा न सका। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है जिसे मैनें अपने साथी राजू उपाध्याय पुत्र सहदेव प्रसाद उपाध्याय निवासी पूरे फल्लू पाण्डेय मजरा महोना थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी के साथ मिलकर ग्राम पूरे दीना पाठक मजरे सिन्दुरवा से दिनांक 18.03.2024 की रात में चुराया था। मैं अपने साथी राजू उपाध्याय के साथ मिलकर आसपास के जिलो में मोटरसाइकिलों की चोरी करके नम्बर प्लेट बदल कर चोरी की मोटरसाइकिलों को बेंच देते है। मैने, राजू उपाध्याय के साथ मिलकर अन्य 04 मोटरसाइकिल चोरी की है जो मेरे घर पर ग्राम पूरे बेचू मजरा महोना पश्चिम में घर में छिपाकर रखी है अभियुक्त की निशान देही पर उसके घर से 1.टीवीएस स्टार यूपी 42 जे 2569 2.बजाज बाक्सर यूपी 41 ई 4309 3.हीरो सुपर स्पलेन्डर यूपी 36 डी 6334 4.बजाज प्लेटिना बिना नम्बर प्लेट बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता –

- राहुल पाण्डेय पुत्र जगत नरायण निवासी पूरे बेचू मजरा महोना पश्चिम थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 27 वर्ष।

वांछित अभियुक्तः-

- राजू उपाध्याय पुत्र सहदेव प्रसाद उपाध्याय निवासी पूरे फल्लू पाण्डेय मजरा महोना थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी।

बरामदगी-

1. हीरो एचएफ डिलक्स संख्या UP 6 B 5709
2. टीवीएस स्टार यूपी 42 जे 2569
3. बजाज बाक्सर यूपी 41 ई 4309
4. हीरो सुपर स्पलेन्डर यूपी 36 डी 6334
5. बजाज प्लेटिना बिना नम्बर प्लेट

पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही -

- मु0अ0सं0 38/24 धारा 379,411,413,419,420,465 भादवि थाना कमरौली जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 अभिनेष कुमार थानाध्यक्ष कमरौली जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 लक्ष्मण सिंह चन्देल थाना कमरौली जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 रवीन्द्र प्रताप सिंह थाना कमरौली जनपद अमेठी।
4. हे0का0 अंकित दीक्षित थाना कमरौली जनपद अमेठी।
5. का0 उपेन्द्र सिंह थाना कमरौली जनपद अमेठी।
6. का0 गणेश कटियार थाना कमरौली जनपद अमेठी।
7. का0 भगवान सिंह यादव थाना कमरौली जनपद अमेठी।